# धान अधिप्राप्ति के दो केंद्र तुमांग व राय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में खलारी प्रखंड अंतर्गत धान अधिप्राप्ति दो केंद्रों का उद्घाटन किया गया। दो धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में तमांग एवं राय लैम्प्स का चयन किया गया है। इस धन अधिप्राप्ति केंद्र तुमांग का उद्घाटन मुखिया संतोष महली व राय केंद्र का उद्घाटन मुखिया शीला कुमारी एवं उप प्रमुख सुमन देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जानेवाले धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विन्टल एवं राज्य सरकार द्वारा 100 रुपए प्रति क्विन्टल बोनस सहित कुल 2400 रुपये प्रति क्विन्टल निर्धारित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने सभी किसानों से अपील की है कि वो अपना धान बिचौलिए के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर ना बेचें। साथ ही बीडीओ ने जानकारी दी की वैसे किसान जिन्होंने अपना निबंधन नही कराया है वो उपार्जन पोर्टल से ऑनलाइन निबंधन करवा सकते हैं। मौके पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, लैम्प्स के किसुन मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, रोशन मुंडा, करण कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अविनाश टाना भगत, असलम अंसारी, कृषक मित्र पंकज मुंडा, नागेश्वर महतो एवं अन्य उपस्थित थे।

# विधायक ने 11 कमरों के भवन का शिलान्यास किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** विधायक विकास कुमार मुंडा ने रविवार को आदर्श उच्च विद्यालय रूगड़ी परिसर में ग्यारह कमरों के भवन निर्माण का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया इस विद्यालय के भवन निर्माण की स्वीकृति झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्रदान की गई है इसकी कुल लागत लगभग 1 करोड़ 36 लाख रुपैया की राशि है। इस दौरान विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विद्यालय भवनों की कमी को देखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल भवन निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कभी कक्षा की कमी ना हो ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर कर सकें। विधायक ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में जल्द से जल्द चारदिवारी तथा विद्यालय भवन की कमी को दूर करने का भरोसा दिया। उन्होंने लजनता के बीच यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए वे कृतसंकल्प हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, प्रधानाध्यापिका प्रीति कुजूर, प्रताप सिंह मुंडा, अश्वनी कुमार महतो, कुमुद सिंह मुंडा, प्रधान सिंह, गंगाधर महतो, राजेंद्र सिंह मुंडा, मुन्ना महतो, मलिन महतो, विनीत सिंह, सनिका, अरविंद कुमार, हर्षवर्धन शर्मा, बासु सेठ, प्रदीप मुंडा, उमेश महतो, निरंजन कुमार, मेथा पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रेलवे ट्रेक पर बरामद शव की शिनाख्त

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रेक पोल संख्या 396,10 के समीप अक्टूबर में बरामद शव की शिनाख्त पुलिस द्वारा कर ली गयी है। बरामद शव तेलंगना महबूबनगर के रहनेवाले शिवशंकर का था। मामले में शिवशंकर के भाई वेणुगोपाल ने टाटीसिलवे पुलिस को बताया है कि उसका भाई शिवशंकर अपने दोस्त रियाज हुसैन के साथ रांची आया था, वापसी के दौरान ट्रेन में रियाज के द्वारा शिवशंकर की हत्या कर उसे ट्रेन से गिरा दिया गया था और पुछने पर बताया गया था कि शिवशंकर रांची में ही रूक गया है और रियाज अकेला तेलंगना वापस लौट गया था। मामले में थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने वेणुगोपाल के ब्यान पर रियाज हुसैन पर हत्या कर शव को ट्रेन से गिरा देने का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन को लेकर समीक्षा बैठक



**खलारी।** मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन के विस्थापितों और रैयतों को मुआवजा और नौकरी को लेकर 20 को घोषित बंदी की समीक्षा बैठक की गई। बैठक हेसालोंग गंझू टोला में मोर्चा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा तथा संचालन हेमलाल गंझू ने किया।बैठक में रेल लाइन में अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी मुआवजा मिलने में हो रही देरी और परेशानी को लेकर चर्चा की गई।साथ ही 20 दिसंबर की घोषित रेल लाइन फेज वन बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही कहा गया कि अब सीसीएल प्रबंधन की आश्वासन से रैयत अब मानने वाले नही है। प्रबंधन और अंचल जब रैयत की समस्याओं के प्रति गंभीर नही है तो रैयत भी अब किसी के आश्वासन पर नही मानेंगे इसलिए इस बार अनिश्चितकालीन बंदी को लेकर रैयत भी कमर कस लिए है। बैठक में रमेश कुमार, ताहिर अंसारी, अर्जुन गंझू, सुकरा गंझू, महेश गंझू, नारायण गंझू, विकास कुमार, उपेन्द्र गंझू, उमेश गंझु, तुलसी गंझू, प्रमोद मुंडा, असित उरांव, संजय मुंडा, प्रेम गंझू, संतोष गंझु, कल्लू गंझु, सुरेंद्र मुंडा, लाल कुमार मुंडा सहित कई रैयत मौजूद थे।

### हडताली कर्मियों पर प्राथमिकी दज

**नामकुम।** टाटीसिलवे पुलिस ने एग्जेम्पलर कर्डज एलपी टाटीसिलवे के प्लाटं हेड अमीत कुमार के ब्यान पर छोटानागपुर रोप वर्कस प्राईवेट लिमिटेड के हडताली कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में प्लांट हेड श्री कुमार ने आरोप लगाया है कि छोटानागपुर रोप वर्क्स प्राईवेट लिमिटेड जो बंद हो गयी है, उसके कर्मचारी अगमलाल महतो, रविन्द्र कुमार, अखिलेस कुमार राय, अरविंद कुमार सिन्हा, राय साहब सिंह, बनबिहारी महतो, धर्मकांत डोले, कालीचरण महतो सहित चैदह नागजद लोगों के साथ तीस चालीस अन्य लोगों के द्वारा छोटानागपुर रोप वर्कस का बकाया राशी उनके यहां आकर मांग की जाती है तथा हल्ला गुल्ला, गाली गलौज एंव धक्का मुक्की करते हुए उनकी कंपनी के मेन गेट को बंद करा दिया गया है। इस दौरान कंपनी से किसी को अंदर ना ही बाहर जाने दिया जा रहा है। जिसके कारण कंपनी को लगभग एक करोड रूप्ये का नुकसान हो चुका है। प्लांट हेड ने आरोपियों के विरूद्य नाजायज मजमा बनाकर कंपनी के काम में अवरोध करने एंव आर्थिक क्षति पहुंचाने पर कानूनी कारवाई करने की मांग की है। मामले में टाटीसिलवे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले में हडताली कर्मियों का कहना है कि उन लोगों के द्वारा ही कंपनी में मशीने लायी गयी है और पिछले सात आठ साल वहां काम किया है। आज भी कंपनी का बिजली बिल छोटानागपुर रोप वर्क्स के नाम से आ रहा है। संचालको द्वारा यह सब सिर्फ मजदूरों का बकाया नही देने के लिए किया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि अगर हमसे काम नही कराना है तो हमें सिर्फ हमारा बकाया दे दिया जाए। एक ओर कंपनी हम लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवा रही है।

## मेसरा पुलिस ने किया बोरे में बंद शव का खुलासा

# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में युवक की हुई थी हत्या

### प्रेमी की हत्या में शामिल प्रेमिका भेजी गयी जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** बीआईटी मेसरा थाना द्वारा बुधिया बगान रूदिया से बोरे में बंद शव बरामद मामले का खुलासा कर लिया गया है। पलामू जिला निवासी 30 वर्षीय युवक अनिल कुमार गुप्ता की हत्या तिकोणिए प्रेम प्रसंग में की गई थी। हत्या में शामिल की उसकी प्रेमिका सीएम स्कूल आफ एक्सेलेंस मेसरा की (महिला) सुरक्षा गार्ड जयमाला देवी 42 वर्ष को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घअना के संबंध में बताया गया जयमाला देवी विवाहित है, और वह मृतक युवक अनिल गुप्ता की रिस्तेदार है। लगभग पांच वर्ष से दोनो के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। वहीं अनिल जमषेदपुर में नौकरी करता था और अक्सर वह उससे मिलने आया करता था। इधर प्रेमिका किसी दूसरे युवक से प्रेम करने लगी थी। पुलिस की पुछताक्ष में प्रेमिका जयमाला देवी ने बताया घटना के दिन अनिल आने वाला है इसकी जानकारी उसने अपने नये प्रेमी को पहले ही दे दी थी। उसने प्रेमी के साथ हत्या करने तैयारी भी कर ली थी। रात में मौका देख प्रेमिका, प्रेमी व उसके दोस्त तीनों ने मिलकर अनिल पैरों से दबा व गल्लाघोंट कर हत्या कर दी। बताया गया कि घटना के समय सड़क से गुजरते पुलिस वाहन की सायरन सून, डरकर उसके नये प्रेमी व उसका दोस्त शव को छोड़कर भाग गए। जिसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए जयमाला देवी ने अपने परिजनों को बुलाकर रात में ही शव को बोरे में डालकर स्कूटी की मदद शव को ठिकाने लगा दिया गया था। मेसरा थाना पुलिस को हत्या में शामिल सभी आरोपियों की जानाकरी हो गई है। उन्हे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा लगातर छापेमारी की जा रही है। हत्या की पड़ताल व प्रेमिका को गिरफ्तार करने में सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा, पुलिस निरीक्षक कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मेसरा संजीव कुमार, एसआई बसंत कुमार, आरक्षी शतुधन कुमार व जैकोब मुर्मू शामिल थें।

## एक नजर में

### बरियातू की मनीषा कुमारी को मिली नई जिंदगी



**रातू।** राजधानी के बरियातू बजरा में रहने वाली 21 वषीर्या मनीषा कुमारी का रविवार को सिमलिया रिंग रोड स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में न्यूरो सर्जन डॉ तारिक और डॉ जितेंद्र सिन्हा ने रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया। इससे युवती को नई जिंदगी मिल गयी है। अब वह आम आदमी की तरह चल-फिर सकती है। उसने दोनों चिकित्सक समेत अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार जताया है। बताते चलें, कि सड़क हादसे में उसके स्पाइन की हड्डी टूट जाने के कारण बिल्कुल लाचार हो गयी थी। कई अस्पतालों के चक्कर लगाते हुये परेशान मनीषा को महज जीवनदान मिल गया है। वह काफी खुश है।

### बारेंदा में सब्जी खा रहे है लंगूर



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा गांव में इन दिनों किसानों के खेत में लगे सब्जी फसल को लंगूर खा रहे है। अगहन माह में हर खेत में सब्जी की हरियाली होती है। गांव के किसान खेत में इस माह में सब्जी का उत्पादन जरूर करते है। ठीक इस वक्त झुंड में लंगूर खेत में पहुंच कर ताजे ताजे सब्जी का मजा ले रहे है।किसान का मेहनत बेकार साबित हो रहा है।किसान राधा मोहन सिंह मुंडा और राजेश्वर कोइरी के दो एकड़ में लगे सब्जी को लंगूर के झुंड ने खत्म कर चुके है। किसान काफी मायूस है। किसानों ने बताया कि लंगूर द्वारा नष्ट फसल का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। 2021 से अभी तक काफी संख्या में किसानों ने अंचल कार्यालय में आवेदन जमा दिया है लेकिन अभी तक आवेदन पर कारवाई नहीं हुआ है। इस संबध में वनपाल राजू महतो ने कहा कि आवेदन अंचल कार्यालय से अनुशंसा होकर विभाग कार्यालय में आता है। लेकिन अंचल कार्यालय से लंगूर द्वारा नुकसान का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने से मुआवजा दिया जायेगा।

## हाथियों का झुंड पहुंचा राणाडीह जंगल



**सोनाहातू।** प्रखंड के राणाडीह गांव के समीप मारांगबुरु पहाड़ी के जंगल में 40 की संख्या में हाथियों का झुंड पहुंच गये है। हाथियों झुंड सोनाहातू के जंगल में पहुंचने से किसानों में भय व्याप्त है। किसानों के धान फसल खेत-खलियान में रखा हुआ है। इतने संख्या में हाथी खेत पहुंच जाते है तो किसानों को काफी नुकसान होगा। हाथी मित्रों ने ग्रामीणों को सलाह दिया है कि शाम होते ही एकांत सड़क में सफर न करें। सुबह शौच जाने में सावधानी करें।इधर वन विभाग के अधिकारियों भी हाथियों बीके झुंड के आने से गांव में अलर्ट जारी किए हैं।

## हाइवा और कार में टक्कर, पांच जख्मी

- हर्षित में हो रहा है इलाज
- कार के उड़ गये परखच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित छोटानागपुर फन कैशल पार्क के समीप शनिवार की रात करीब 11 बजे हुंडई कंपनी की बरना कार जेएच 05 सीजे 5120 और हाइवा जेएच 01 एफवी 9035 के बीच भिड़ंत में बर्थडे पार्टी से चटकपुर शांति नगर जा रहे एक ही परिवार के पांच लोग जख्मी हो गये। इसमें राजा सोनी, सौम्या सोनी, सिमरन सोनी, प्रियंका सोनी व शिवान सोनी शामिल हैं। इन्हें हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। सिमरन सोनी की हालत नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस ने कार और हाइवा को जब्त कर लिया है। दुर्घटना इतनी जबरजस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये हैं। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से रातू थाने में हाइवा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की सूचना नहीं है।

### कैसे घटी घटना

सोनी परिवार का एक रिश्तेदार घटनास्थल से सटे कॉलोनी में जोसेफ उरांव के घर किरायेदार हैं। उन्हीं के बच्चे का जन्मदिन था। उसकी पार्टी में पीड़ित परिवार के लोग आये थे। खाना खाने के बाद बिदाई ली और घर लौट रहे थे। जैसे ही कार मुख्य मार्ग पर पहुंची, काठीटांड़ चौक की ओर तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## रातू : पाली में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ

- सांसद प्रतिनिधि ने काटा फीता
- दो किसानों से धान की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के पंचायत ग्राम पाली लैंप्स लिमिटेड में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया गया। इसका उद्घाटन राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के प्रतिनिधि विमल उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य खुशबू कुमारी, अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, सचिव बंधन महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर हर्षित तिवारी, पुर्व मुखिया बंधन उरांव, वार्ड सदस्य शांति देवी और लैंप्स सदस्य रामलगण गोप, अजय महतो व महेश गोप आदि दर्जनों कृषक मौजूद थे। केंद्र के शुरू होते ही गांव के रुदन देवी और बसंतराम तिवारी से धान की खरीदारी की गयी। इधर, समारोह के दौरान सचिव बंधन महतो ने पोषक क्षेत्र के किसानों से रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की और ऑपरेटर को कई जरूरी निर्देश भी दिये।

## सिकिदिरी: फुटबॉल में एफसी खूंटी व क्रिकेट में जेकेएसएस बना चैंपियन

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी फूटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव का रविवार रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में खूंटी एफसी ने आतिश स्पोर्टिंग तुरूप को 2-1 से पराजित कर टूनामेंट का चैम्पियन बना। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार खूंटी के विवेक को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज आतिश स्पोर्टिंग के गोलकीपर रितेश नायक को दिया गया। उसे विजेता टीम को एक लाख 51 हजार रुपए, ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 81 हजार रुपए,ट्रॉफी दिया गया। क्रिकेट की विजेता टीम जेकेएसएस क्रिकेट क्लब को 51 हजार रुपए व ट्राफी वहीं उप विजेता थंडर बॉय को 31 हजार रूपए व ट्रॉफी प्रदान की गई। तैराकी की चैंपियन श्रेया, आंचल, श्रवण, रूपाली और एथेलेटिक्स की चैंपियन दिया श्रेया, अवनी, सुदेश, सनी बनी। मुख्य अतिथि झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी, विशिष्ठ अतिथि भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री राज श्रीवास्तव व विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली ने सम्मानित किया।

### ओरमांझी लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों की धान बिक्री के लिए रविवार को ओरमांझी लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुल गया है। इसका उद्घाटन खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेषक दिलीप तिर्की तिर्की ने किया, और कहा अपने फसल की अनुबंधित करने वाले सभी किसानों से 2300 प्रति क्विंटल व सरकार द्वारा दी जा रही 100 रुपये बोनस सहित कूल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान खरीदी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कहा किसान अपने मेहतन व पसीने से धान पैदा करते हैं। लेकिन किसानों की मेहनत का सही कीमत नही मिलता है। कहा झारखंड सरकार को अपने पूर्व की घोषणा अनुरुप 3200 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीद करनी चाहिए। कहा एक ओर धान अधिप्राप्ति केंद्र खोल रही है, दूसरी ओर केंद्र में धान ब्रिकी करने वाले किसानों समय से पैसा नही दिया जाता। जिसके कारण ही आज किसान अपनी मेहनत की फसल को बिचैलिये से औने-पौने कीमत पर बेचने पर मजबूर हो जाते हैं। सरकार को किसानों की इस समस्या पर ध्यान देने की जरूत है। कार्यक्रम में डीएसओ प्रदीप भगत, सीओ उज्जवल सोरन, बीएसओ संजीव विक्रांत केरकेट्टा, मुखिया दीपक बड़ाईक, ग्रामप्रधान दीनदयाल लोहरा, आदित्य साहू, गौरव कुमार, प्रखंडकर्मी आदि उपस्थित थें।

## बुढ़मू : धान व पुआल में लगी आग



**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना अंतर्गत चकमें पंचायत के नवाटोली गांव में रविवार को धान एवं पुआल में आग लग गयी। नवा टोली के खलिहान में शिवलाल मुंडा, सहदैल मुंडा और श्यामलाल मुंडा का खेत से धान और पुआल मिसाई कर रखा हुआ था। और रविवार अहले सुबह अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे तिनों किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। साथ ही उक्त किसान अपने घर के मवेशियों का चारा के लिए चिंतित हैं। घटना की जानकारी पाकर मुखिया रामवृत मुंडा घटना का लिया जायजा और प्रखंड प्रशासन को दिया जानकारी।

## युवा महोत्स में उदय बीएड का शानदार प्रदर्शन




**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज की छात्राओं द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पांच पुरस्कार आपने नाम किया है। भारत सरकार की युवा खेल मंत्रालय व पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद विभाग, और युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में उद्य मेमारियल बीएड कालेज केदल के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग व नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं समुह गीत, फोटो ग्राफी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार जीता है। छात्रों की उपलब्धी पर सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कंडरवार, प्राचार्य व शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा खुशी जताते हुए बधाई दी गई है।

## खलारी : कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक

# यूनियन का पुनर्गठन पर समिति बनी

खबर मन्त्र संवाददाता




**खलारी।** कोल फील्ड मजदुर यूनियन की बैठक तुमांग पंचायत भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामा उरांव व संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में सीएमयू कमेटी के सभी साथियों से आग्रह है यूनियन के पुनर्गठन में बढ़चढ़ कर हिंसा ले। सीएमयू यूनियन अब रोहाणी परियोजना का सबसे बड़ी सदस्यों वाली यूनियन बन चुकी हैं। इसलिए बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रोहिणी शाखा का पुनर्गठन 22 दिसंबर के दिन रविवार सुबह 11 बजे रखी गयी है। बैठक में सीएमयू कमेटी के सभी साथियों से आग्रह किया गया कि यूनियन के पुनर्गठन मे बढ़चढ़ साथ हो। वही इस बैठक में यूनियन का सचिव ध्वजा राम धोबी ने सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि रोहिणी शाखा में यूनियन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, मैं हमेशा और दोगुना जोश के साथ काम करूंगा और रोहिणी शाखा में यूनियन पर मजदुर जो विश्वास किया और साथ दिया उस विश्वास को हमेशा कायम रखूंगा। मजदूरों की हर समस्याओं समाधान का आवाज बुलंद करूंगा। मौके पर नंदू मेहता, सूरज प्रधान मुंडा, बिरमल कुमार, हीरालाल, सोमनाथ मालिक, रूपलाल गांझू, राजनाथ सिंह, एमडी गफ्फार अंसारी, विजय भुईयां, संजय राम, मनोज राम, शिशिर लकरा, सिकंदर, रविंदर गांझु,अशोक गंजू, चन्दन गांझु, काली राम, कृष्णा मुंडा, शिवशंकर राम, कोलेश्वर मुंडा, सहित अन्य मौजूद थे।

## इटकी में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकली

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व इटकी युथ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इटकी में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी। इटकी क्षेत्र के सैकड़ों लोग हेलमेट पहने मोटरसाइकिल के साथ रैली में शामिल हुए। रैली को इटकी थाना के एएसआई विवेक दूबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली थाना के समीप से प्रारंभ होकर इटकी रेलवे स्टेशन, इटकी बाजार, गुलजार रोड, त्रिबिंधा चौक, साहेब मोड़ से होते हुए कुंदी मैदान पहुंच कर सभा में परिवर्तित हुई। रैली में लोग सड़क सुरक्षा के स्लोगन लिखे तख्तियां व पोस्टर हाथों में लिए थे। साथ ही हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ की उदघोषणा कर रहे थे। रैली में शामिल लोग सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न चौक चौराहे पर संबोधित किया। इस दौरान लोगों से दोपहिया वाहन हेलमेट पहन और चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगाकर चलाने और यातायात नियमो का पालन करने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिनोद सिन्हा, धन्यवाद ज्ञापन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत कुमार ने दिया। रैली में इटकी पुलिस, पेंशनर समाज, स्थानीय पत्रकार, इटकी युथ ग्रुप के प्रतिनिधियों सहित महिला पुरुष शामिल थे।

